उत्तर प्रदेश शासन

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3

संख्या-468/2025/531के-2/22-3-25-17(116)/24

लखनऊ : दिनांक: 25 सितम्बर, 2025

आदेश

उत्तर प्रदेश के श्री राज्यपाल, 'भारत का संविधान' के अनुच्छेद-161 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए शासनादेश संख्या-564/2018/1106/22-2-2018-07जी/2018, दिनांक 01 अगस्त, 2018 एवं सपठित संशोधन विषयक शासनादेश संख्या-120/2021/1382/22-2-2021-07जी/2018, दिनांक 28.07.2021 व शासनादेश संख्या-52/2022/1240/22-2-2022-07जी0/ 2018, दिनांक 27.05.2022 के प्रस्तर-1 एवं 2(ग) में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत गणतंत्र दिवस (26 जनवरी, 2024) के अवसर पर केन्द्रीय कारागार, बरेली में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी रामचन्द्र (बन्दी संख्या-49986) पुत्र श्री शोभा, निवासी ग्राम-मिश्रीपुर, थाना-रामचन्द्र मिशन, हाल निवासी ग्राम-भूसन्डी उर्फ सरोवरनगर, थाना-तिलहर, जनपद-शाहजहॉपुर, जिन्हें सत्र परीक्षण संख्या-470/1987 में भा0द0वि0 की धारा-302 के अन्तर्गत मा0 न्यायालय, विशेष/अपर सत्र न्यायाधीश, शाहजहॉपुर के आदेश दिनांक 11.08.1989 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया, जिसकी अपील मा0 उच्च न्यायालय, लखनऊ खण्डपीठ के आदेश दिनांक 20-05-2022 द्वारा निर्णीत करते हुए उक्त दण्ड को यथावत रखा गया, द्वारा जेल रिपोर्ट के अनुसार दिनांक 26-01-2024 तक आयु 87 वर्ष, 03 माह, 11 दिन है तथा 02 वर्ष, 10 माह, 17 दिन की अपरिहार सजा तथा 03 वर्ष, 06 माह, 02 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है, मेडिकल बोर्ड की संस्तुतिनुसार Any other terminal disease & Old age debility & disability से ग्रसित है तथा जेल आचरण संतोषजनक है, की शेष सजा का परिहार करते हैं तथा यह आदेश देते हैं कि यदि उक्त बन्दी को किसी अन्य वाद में निरूद्ध रखा जाना वांछित न हो तो उसे अपनी शेष दण्डावधि में विधि सम्मत आचरण एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए रूपये 50,000/-(रूपये पचास हजार मात्र) से अनधिक धनराशि का एक निजी मुचलका अपने सम्बन्धित कारागार के वरिष्ठ अधीक्षक/अधीक्षक को प्रस्तुत करने पर बन्दी को कारागार से मुक्त कर दिया जाय।

सूर्य प्रकाश मिश्र

उप सचिव।

संख्या व दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- निजी सचिव, मा0 मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
2- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
3- महानिदेशक/महानिरीक्षक, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ।
4- जिला मजिस्ट्रेट, शाहजहॉपुर।
5- पुलिस अधीक्षक, शाहजहॉपुर।
6- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, बरेली।
7- कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2, उत्तर प्रदेश शासन।
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

अनीस अख्तर अंसारी

अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.gov.in